This booklet contains 40 printed pages.
इस पुस्तिका में मुद्रित पृष्ठ 40 हैं।

# SSO

No.: 160871052

| | |
|---|---|
| **PAPER - 1** | **: PHYSICS, MATHEMATICS & CHEMISTRY** |
| **प्रश्नपुस्तिका - 1** | **: भौतिक विज्ञान, गणित तथा रसायन विज्ञान** |

**Test Booklet Code**
**परीक्षा पुस्तिका संकेत**

# H

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

***Important Instructions :***

1. Immediately fill in the particulars on this page of the Test Booklet with *only Blue / Black Ball Point Pen* provided by the Board.
2. The Answer Sheet is kept inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully.
3. The test is of 3 hours duration.
4. The Test Booklet consists of 90 questions. The maximum marks are 360.
5. There are *three* parts in the question paper A, B, C consisting of Physics, Mathematics and Chemistry having 30 questions in each part of equal weightage. Each question is allotted **4 (four)** marks for correct response.
6. *Candidates will be awarded marks as stated above in instruction No. 5 for correct response of each question. ¼ (one fourth) marks will be deducted for indicating incorrect response of each question. No deduction from the total score will be made if no response is indicated for an item in the answer sheet.*
7. There is only one correct response for each question. Filling up more than one response in any question will be treated as wrong response and marks for wrong response will be deducted accordingly as per instruction 6 above.
8. For writing particulars/marking responses on *Side-1* and *Side-2* of the Answer Sheet use *only Blue / Black Ball Point Pen* provided by the Board.
9. No candidate is allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, any electronic device, etc. except the Admit Card inside the examination room/hall.
10. Rough work is to be done on the space provided for this purpose in the Test Booklet only. This space is given at the bottom of each page and in one page (i.e. Page 39) at the end of the booklet.
11. On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator on duty in the Room/Hall. ***However, the candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***
12. The CODE for this Booklet is **H**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet and also tally the serial number of the Test Booklet and Answer Sheet are the same as that on this booklet. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
13. Do not fold or make any stray mark on the Answer Sheet.

***महत्त्वपूर्ण निर्देश :***

1. परीक्षा पुस्तिका के इस पृष्ठ पर आवश्यक विवरण केवल बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये ***नीले / काले बॉल प्वाइंट पेन*** से तत्काल भरें।
2. उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर सावधानीपूर्वक विवरण भरें।
3. परीक्षा की अवधि **3 घंटे** है।
4. इस परीक्षा पुस्तिका में **90** प्रश्न हैं। अधिकतम अंक **360** हैं।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में ***तीन*** भाग A, B, C हैं, जिसके प्रत्येक भाग में **भौतिक विज्ञान, गणित** एवं **रसायन विज्ञान** के 30 प्रश्न हैं और सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिए **4 ( चार )** अंक निर्धारित किये गये हैं।
6. *अभ्यर्थियों को प्रत्येक सही उत्तर के लिए उपरोक्त निर्देशन संख्या 5 के निर्देशानुसार अंक दिये जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर के लिये ¼ वां भाग काट लिया जायेगा। यदि उत्तर पत्र में किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया हो तो कुल प्राप्तांक से कोई कटौती नहीं की जायेगी।*
7. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर है। एक से अधिक उत्तर देने पर उसे गलत उत्तर माना जायेगा और उपरोक्त निर्देश 6 के अनुसार अंक काट लिये जायेंगे।
8. उत्तर पत्र के *पृष्ठ-1* एवं *पृष्ठ-2* पर वांछित विवरण एवं उत्तर अंकित करने हेतु बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये ***केवल नीले / काले बॉल प्वाइंट पेन*** का ही प्रयोग करें।
9. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा कक्ष/हॉल में प्रवेश कार्ड के अलावा किसी भी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
10. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में केवल निर्धारित जगह पर ही कीजिए। यह जगह प्रत्येक पृष्ठ पर नीचे की ओर और पुस्तिका के अंत में **एक** पृष्ठ पर **( पृष्ठ 39 )** दी गई है।
11. परीक्षा समाप्त होने पर, परीक्षार्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***
12. इस पुस्तिका का संकेत **H** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ**-2 पर छपे संकेत से मिलता है और यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र की क्रम संख्या मिलती है। अगर यह भिन्न हो तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
13. **उत्तर पत्र को न मोड़ें एवं न ही उस पर अन्य निशान लगाएँ।**

Name of the Candidate (in Capital letters) : UDAY SINGH MEENA
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number : in figures
अनुक्रमांक : अंकों में

| 1 | 9 | 6 | 2 | 7 | 2 | 8 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

: in words ____
: शब्दों में

Examination Centre Number :
परीक्षा केन्द्र नम्बर :

| 1 | 9 | 6 | 0 | 5 | 1 |
|---|---|---|---|---|---|

Name of Examination Centre (in Capital letters) : TAGORE INTERNATIONAL SCHOOL, JAIPUR,
परीक्षा केन्द्र का नाम ( बड़े अक्षरों में ) :

Candidate's Signature : उदय सिंह
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :

1. Invigilator's Signature : [signature]
निरीक्षक के हस्ताक्षर :

2. Invigilator's Signature : ____
निरीक्षक के हस्ताक्षर :

## PART A – PHYSICS

***ALL THE GRAPHS GIVEN ARE SCHEMATIC AND NOT DRAWN TO SCALE.***

1. A particle performs simple harmonic motion with amplitude $A$. Its speed is trebled at the instant that it is at a distance $\frac{2A}{3}$ from equilibrium position. The new amplitude of the motion is :

   (1) $A\sqrt{3}$

   (2) $\frac{7A}{3}$

   (3) $\frac{A}{3}\sqrt{41}$

   (4) $3A$

2. For a common emitter configuration, if $\alpha$ and $\beta$ have their usual meanings, the **incorrect** relationship between $\alpha$ and $\beta$ is :

   (1) $\alpha = \frac{\beta}{1+\beta}$

   (2) $\alpha = \frac{\beta^2}{1+\beta^2}$

   (3) $\frac{1}{\alpha} = \frac{1}{\beta} + 1$

   (4) $\alpha = \frac{\beta}{1-\beta}$

## भाग A – भौतिक विज्ञान

***दिए गये सभी ग्राफ आरेखीय हैं और स्केल के अनुसार रेखांकित नहीं है।***

1. एक कण '$A$' आयाम से सरल-आवर्त दोलन कर रहा है। जब यह अपने मूल-स्थान से $\frac{2A}{3}$ पर पहुँचता है तब अचानक इसकी गति तिगुनी कर दी जाती है। तब इसका नया आयाम है :

   (1) $A\sqrt{3}$

   (2) $\frac{7A}{3}$

   (3) $\frac{A}{3}\sqrt{41}$

   (4) $3A$

2. उभयनिष्ठ-उत्सर्जक विन्यास के लिये $\alpha$ तथा $\beta$ के बीच निम्न में से कौनसा संबंध **गलत** है? $\alpha$ तथा $\beta$ चिह्न सामान्य मतलब वाले हैं :

   (1) $\alpha = \frac{\beta}{1+\beta}$

   (2) $\alpha = \frac{\beta^2}{1+\beta^2}$

   (3) $\frac{1}{\alpha} = \frac{1}{\beta} + 1$

   (4) $\alpha = \frac{\beta}{1-\beta}$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

3. A student measures the time period of 100 oscillations of a simple pendulum four times. The data set is 90 s, 91 s, 95 s and 92 s. If the minimum division in the measuring clock is 1 s, then the reported mean time should be :

(1) $92 \pm 1.8$ s

(2) $92 \pm 3$ s

(3) $92 \pm 2$ s

(4) $92 \pm 5.0$ s

3. एक छात्र एक सरल-आवर्त-दोलक के 100 आवृत्तियों का समय 4 बार मापता है और उनको 90 s, 91 s, 95 s और 92 s पाता है। इस्तेमाल की गई घड़ी का न्यूनतम अल्पांश 1 s है। तब मापे गये माध्य समय को उसे लिखना चाहिये :

(1) $92 \pm 1.8$ s

(2) $92 \pm 3$ s

(3) $92 \pm 2$ s

(4) $92 \pm 5.0$ s

4. If a, b, c, d are inputs to a gate and $x$ is its output, then, as per the following time graph, the gate is :




(1) OR

(2) NAND

(3) NOT

(4) AND

4. एक गेट में a, b, c, d इनपुट हैं और $x$ आऊटपुट है। तब दिये गये टाइम-ग्राफ के अनुसार गेट है :




(1) OR

(2) NAND

(3) NOT

(4) AND



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

5. A particle of mass $m$ is moving along the side of a square of side '$a$', with a uniform speed $v$ in the $x$-$y$ plane as shown in the figure :




Which of the following statements is **false** for the angular momentum $\vec{L}$ about the origin ?

(1) $\vec{L} = mv\left[\frac{R}{\sqrt{2}} + a\right]\hat{k}$ when the particle is moving from $B$ to $C$.

(2) $\vec{L} = \frac{mv}{\sqrt{2}} R\,\hat{k}$ when the particle is moving from $D$ to $A$.

(3) $\vec{L} = -\frac{mv}{\sqrt{2}} R\,\hat{k}$ when the particle is moving from $A$ to $B$.

(4) $\vec{L} = mv\left[\frac{R}{\sqrt{2}} - a\right]\hat{k}$ when the particle is moving from $C$ to $D$.

5. चित्र में भुजा '$a$' का वर्ग $x$-$y$ तल में है। $m$ द्रव्यमान का एक कण एकसमान गति, $v$ से इस वर्ग की भुजा पर चल रहा है जैसा कि चित्र में दर्शाया गया है।




तब निम्न में से कौनसा कथन, इस कण के मूलबिंदु के गिर्द कोणीय आघूर्ण $\vec{L}$ के लिये, **गलत** है?

(1) $\vec{L} = mv\left[\frac{R}{\sqrt{2}} + a\right]\hat{k}$, जब कण $B$ से $C$ की ओर चल रहा है।

(2) $\vec{L} = \frac{mv}{\sqrt{2}} R\,\hat{k}$, जब कण $D$ से $A$ की ओर चल रहा है।

(3) $\vec{L} = -\frac{mv}{\sqrt{2}} R\,\hat{k}$, जब कण $A$ से $B$ की ओर चल रहा है।

(4) $\vec{L} = mv\left[\frac{R}{\sqrt{2}} - a\right]\hat{k}$, जब कण $C$ से $D$ की ओर चल रहा है।



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

6. Choose the correct statement :

(1) In frequency modulation the amplitude of the high frequency carrier wave is made to vary in proportion to the amplitude of the audio signal.

(2) In frequency modulation the amplitude of the high frequency carrier wave is made to vary in proportion to the frequency of the audio signal.

(3) In amplitude modulation the amplitude of the high frequency carrier wave is made to vary in proportion to the amplitude of the audio signal.

(4) In amplitude modulation the frequency of the high frequency carrier wave is made to vary in proportion to the amplitude of the audio signal.

7. Radiation of wavelength $\lambda$, is incident on a photocell. The fastest emitted electron has speed $v$. If the wavelength is changed to $\frac{3\lambda}{4}$, the speed of the fastest emitted electron will be :

(1) $= v\left(\frac{4}{3}\right)^{\frac{1}{2}}$

(2) $= v\left(\frac{3}{4}\right)^{\frac{1}{2}}$

(3) $> v\left(\frac{4}{3}\right)^{\frac{1}{2}}$

(4) $< v\left(\frac{4}{3}\right)^{\frac{1}{2}}$

6. सही कथन चुनिये :

(1) आवृत्ति माडुलन में उच्च आवृत्ति की वाहक तरंग के आयाम में बदलाव ध्वनि सिग्नल के आयाम के अनुपाती है।

(2) आवृत्ति माडुलन में उच्च-आवृत्ति की वाहक तरंग की आयाम में बदलाव ध्वनि सिग्नल की आवृत्ति के अनुपाती है।

(3) आयाम माडुलन में उच्च आवृत्ति की वाहक तरंग के आयाम में बदलाव ध्वनि सिग्नल के आयाम के अनुपाती है।

(4) आयाम माडुलन में उच्च आवृत्ति की वाहक तरंग की आवृत्ति में बदलाव ध्वनि सिग्नल के आयाम के अनुपाती है।

7. एक फोटो-सेल पर $\lambda$ तरंगदैर्घ्य का प्रकाश आपतित है। उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन की अधिकतम गति '$v$' है। यदि तरंगदैर्घ्य $\frac{3\lambda}{4}$ हो तब उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन की अधिकतम गति होगी :

(1) $= v\left(\frac{4}{3}\right)^{\frac{1}{2}}$

(2) $= v\left(\frac{3}{4}\right)^{\frac{1}{2}}$

(3) $> v\left(\frac{4}{3}\right)^{\frac{1}{2}}$

(4) $< v\left(\frac{4}{3}\right)^{\frac{1}{2}}$

8. Two identical wires $A$ and $B$, each of length '$l$', carry the same current $I$. Wire $A$ is bent into a circle of radius $R$ and wire $B$ is bent to form a square of side '$a$'. If $B_A$ and $B_B$ are the values of magnetic field at the centres of the circle and square respectively, then the ratio $\frac{B_A}{B_B}$ is :

(1) $\frac{\pi^2}{16}$

(2) $\frac{\pi^2}{8\sqrt{2}}$

(3) $\frac{\pi^2}{8}$

(4) $\frac{\pi^2}{16\sqrt{2}}$

9. A pipe open at both ends has a fundamental frequency $f$ in air. The pipe is dipped vertically in water so that half of it is in water. The fundamental frequency of the air column is now :

(1) $2f$

(2) $f$

(3) $\frac{f}{2}$

(4) $\frac{3f}{4}$

8. दो एकसमान तार $A$ व $B$ प्रत्येक की लम्बाई '$l$', में समान धारा $I$ प्रवाहित है। $A$ को मोड़कर $R$ त्रिज्या का एक वृत्त और $B$ को मोड़कर भुजा '$a$' का एक वर्ग बनाया जाता है। यदि $B_A$ तथा $B_B$ क्रमशः वृत्त के केन्द्र तथा वर्ग के केन्द्र पर चुम्बकीय क्षेत्र हैं, तब अनुपात $\frac{B_A}{B_B}$ होगा :

(1) $\frac{\pi^2}{16}$

(2) $\frac{\pi^2}{8\sqrt{2}}$

(3) $\frac{\pi^2}{8}$

(4) $\frac{\pi^2}{16\sqrt{2}}$

9. दोनों सिरों पर खुले एक पाइप की वायु में मूल-आवृत्ति '$f$' है। पाइप को ऊर्ध्वाधर उसकी आधी-लम्बाई तक पानी में डुबाया जाता है। तब इसमें बचे वायु-कालम की मूल आवृत्ति होगी :

(1) $2f$

(2) $f$

(3) $\frac{f}{2}$

(4) $\frac{3f}{4}$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

10. The region between two concentric spheres of radii '$a$' and '$b$', respectively (see figure), has volume charge density $\rho = \frac{A}{r}$, where $A$ is a constant and $r$ is the distance from the centre. At the centre of the spheres is a point charge $Q$. The value of $A$ such that the electric field in the region between the spheres will be constant, is :




(1) $\frac{2Q}{\pi\left(a^2 - b^2\right)}$

(2) $\frac{2Q}{\pi a^2}$

(3) $\frac{Q}{2\pi a^2}$

(4) $\frac{Q}{2\pi\left(b^2 - a^2\right)}$

10. त्रिज्या '$a$' तथा '$b$' के दो एक-केन्द्री गोलों के (चित्र देखिये) बीच के स्थान में आयतन आवेश-घनत्व $\rho = \frac{A}{r}$ है, जहाँ $A$ स्थिरांक है तथा $r$ केन्द्र से दूरी है। गोलों के केन्द्र पर एक बिन्दु-आवेश $Q$ है। '$A$' का वह मान बतायें जिससे गोलों के बीच के स्थान में एकसमान वैद्युत-क्षेत्र हो :




(1) $\frac{2Q}{\pi\left(a^2 - b^2\right)}$

(2) $\frac{2Q}{\pi a^2}$

(3) $\frac{Q}{2\pi a^2}$

(4) $\frac{Q}{2\pi\left(b^2 - a^2\right)}$

11. An arc lamp requires a direct current of 10 A at 80 V to function. If it is connected to a 220 V (rms), 50 Hz AC supply, the series inductor needed for it to work is close to :

(1) 0.044 H

(2) 0.065 H

(3) 80 H

(4) 0.08 H

11. एक आर्क लैम्प को प्रकाशित करने के लिये 80 V पर 10 A की दिष्ट धारा (DC) की आवश्यकता होती है। उसी आर्क को 220 V (rms) 50 Hz प्रत्यावर्ती धारा (AC) से चलाने के लिये श्रेणी में लगने वाले प्रेरकत्व का मान है :

(1) 0.044 H

(2) 0.065 H

(3) 80 H

(4) 0.08 H

12. '$n$' moles of an ideal gas undergoes a process $A \to B$ as shown in the figure. The maximum temperature of the gas during the process will be :




(1) $\frac{9}{2}\frac{P_0 V_0}{nR}$

(2) $\frac{9 P_0 V_0}{nR}$

(3) $\frac{9}{4}\frac{P_0 V_0}{nR}$

(4) $\frac{3}{2}\frac{P_0 V_0}{nR}$

12. '$n$' मोल आदर्श गैस एक प्रक्रम $A \to B$ से गुज़रती है (चित्र देखिये)। इस प्रक्रम के दौरान उसका अधिकतम तापमान होगा :




(1) $\frac{9}{2}\frac{P_0 V_0}{nR}$

(2) $\frac{9 P_0 V_0}{nR}$

(3) $\frac{9}{4}\frac{P_0 V_0}{nR}$

(4) $\frac{3}{2}\frac{P_0 V_0}{nR}$

13. A person trying to lose weight by burning fat lifts a mass of 10 kg upto a height of 1 m 1000 times. Assume that the potential energy lost each time he lowers the mass is dissipated. How much fat will he use up considering the work done only when the weight is lifted up ? Fat supplies $3.8 \times 10^7$ J of energy per kg which is converted to mechanical energy with a 20% efficiency rate. Take $g = 9.8$ ms$^{-2}$ :

(1) $9.89 \times 10^{-3}$ kg

(2) $12.89 \times 10^{-3}$ kg

(3) $2.45 \times 10^{-3}$ kg

(4) $6.45 \times 10^{-3}$ kg

13. एक भारोत्तोलक भार को पहले ऊपर और फिर नी तक लाता है। यह माना जाता है कि सिर्फ भार व ऊपर ले जाने में कार्य होता है और नीचे लाने में स्थिति ऊर्जा का ह्रास होता है। शरीर की वसा ऊर्जा देती है ज यांत्रिकीय ऊर्जा में बदलती है। मान लें कि वसा द्वा दी गई ऊर्जा $3.8 \times 10^7$ J प्रति kg भार है, तथा इसक मात्र 20% यांत्रिकीय ऊर्जा में बदलता है। अब य एक भारोत्तोलक 10 kg के भार को 1000 बार 1 की ऊँचाई तक ऊपर और नीचे करता है तब उस शरीर से वसा का क्षय है : ($g = 9.8$ ms$^{-2}$ लें)

(1) $9.89 \times 10^{-3}$ kg

(2) $12.89 \times 10^{-3}$ kg

(3) $2.45 \times 10^{-3}$ kg

(4) $6.45 \times 10^{-3}$ kg



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**14.** A point particle of mass $m$, moves along the uniformly rough track PQR as shown in the figure. The coefficient of friction, between the particle and the rough track equals $\mu$. The particle is released, from rest, from the point P and it comes to rest at a point R. The energies, lost by the ball, over the parts, PQ and QR, of the track, are equal to each other, and no energy is lost when particle changes direction from PQ to QR.

The values of the coefficient of friction $\mu$ and the distance $x(=QR)$, are, respectively close to :




(1) 0.29 and 3.5 m

(2) 0.29 and 6.5 m

(3) 0.2 and 6.5 m

(4) 0.2 and 3.5 m

**14.** '$m$' द्रव्यमान का एक बिंदु कण एक खुरदरे पथ PQR (चित्र देखिये) पर चल रहा है। कण और पथ के बीच घर्षण गुणांक $\mu$ है। कण P से छोड़े जाने के बाद R पर पहुँच कर रुक जाता है। पथ के भाग PQ और QR पर चलने में कण द्वारा खर्च की गई ऊर्जाएँ बराबर हैं। PQ से QR पर होने वाले दिशा बदलाव में कोई ऊर्जा खर्च नहीं होती।

तब $\mu$ और दूरी $x(=QR)$ के मान लगभग हैं क्रमशः :




(1) 0.29 और 3.5 m

(2) 0.29 और 6.5 m

(3) 0.2 और 6.5 m

(4) 0.2 और 3.5 m



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

15. The temperature dependence of resistances of Cu and undoped Si in the temperature range 300-400 K, is best described by :

(1) Linear increase for Cu, exponential decrease for Si.

(2) Linear decrease for Cu, linear decrease for Si.

(3) Linear increase for Cu, linear increase for Si.

(4) Linear increase for Cu, exponential increase for Si.

16. Arrange the following electromagnetic radiations per quantum in the order of increasing energy :

A : Blue light B : Yellow light

C : X-ray D : Radiowave.

(1) C, A, B, D

(2) B, A, D, C

(3) D, B, A, C

(4) A, B, D, C

17. A galvanometer having a coil resistance of 100 Ω gives a full scale deflection, when a current of 1 mA is passed through it. The value of the resistance, which can convert this galvanometer into ammeter giving a full scale deflection for a current of 10 A, is :

(1) 0.1 Ω

(2) 3 Ω

(3) 0.01 Ω

(4) 2 Ω

15. ताँबा तथा अमादित (undoped) सिलिकान के प्रतिरोधों की उनके तापमान पर निर्भरता, 300-400 K तापमान अंतराल में, के लिये सही कथन है :

(1) ताँबा के लिये रेखीय बढ़ाव तथा सिलिकान के लिये चरघातांकी घटाव।

(2) ताँबा के लिये रेखीय घटाव तथा सिलिकान के लिये रेखीय घटाव।

(3) ताँबा के लिये रेखीय बढ़ाव तथा सिलिकान के लिये रेखीय बढ़ाव।

(4) ताँबा के लिये रेखीय बढ़ाव तथा सिलिकान के लिये चरघातांकी बढ़ाव।

16. निम्न प्रति क्वांटम वैद्युत-चुम्बकीय विकिरणों को उनकी ऊर्जा के बढ़ते हुए क्रम में लगायें :

A : नीला प्रकाश B : पीला प्रकाश

C : X - किरणें D : रेडियो तरंग

(1) C, A, B, D

(2) B, A, D, C

(3) D, B, A, C

(4) A, B, D, C

17. एक गैल्वेनोमीटर के काइल का प्रतिरोध 100 Ω है। 1 mA धारा प्रवाहित करने पर इसमें फुल-स्केल विक्षेप मिलता है। इस गैल्वेनोमीटर को 10 A के एमीटर में बदलने के लिये जो प्रतिरोध लगाना होगा वह है :

(1) 0.1 Ω

(2) 3 Ω

(3) 0.01 Ω

(4) 2 Ω

18. Half-lives of two radioactive elements A and B are 20 minutes and 40 minutes, respectively. Initially, the samples have equal number of nuclei. After 80 minutes, the ratio of decayed numbers of A and B nuclei will be :

(1) 1 : 4

(2) 5 : 4

(3) 1 : 16

(4) 4 : 1

18. दो रेडियोधर्मी तत्व A तथा B की अर्द्धआयु क्रमशः 20 min तथा 40 min हैं। प्रारंभ में दोनों के नमूनों में नाभिकों की संख्या बराबर है। 80 min के उपरांत A तथा B के क्षय हुए नाभिकों की संख्या का अनुपात होगा :

(1) 1 : 4

(2) 5 : 4

(3) 1 : 16

(4) 4 : 1

19. Identify the semiconductor devices whose characteristics are given below, in the order (a), (b), (c), (d) :




(1) Solar cell, Light dependent resistance, Zener diode, Simple diode

(2) Zener diode, Solar cell, Simple diode, Light dependent resistance

(3) Simple diode, Zener diode, Solar cell, Light dependent resistance

(4) Zener diode, Simple diode, Light dependent resistance, Solar cell

19. चित्र (a), (b), (c), (d) देखकर निर्धारित करें कि ये चित्र क्रमशः किन सेमीकन्डक्टर डिवाईस के अभिलक्षणिक ग्राफ हैं ?




(1) सोलर सेल, LDR (लाईट डिपेन्डेन्ट रेजिस्टेन्स), जीनर डायोड, साधारण डायोड

(2) जीनर डायोड, सोलर सेल, साधारण डायोड, LDR (लाईट डिपेन्डेन्ट रेजिस्टेन्स)

(3) साधारण डायोड, जीनर डायोड, सोलर सेल, LDR (लाईट डिपेन्डेन्ट रेजिस्टेन्स)

(4) जीनर डायोड, साधारण डायोड, LDR (लाईट डिपेन्डेन्ट रेजिस्टेन्स), सोलर सेल



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**20.** A combination of capacitors is set up as shown in the figure. The magnitude of the electric field, due to a point charge $Q$ (having a charge equal to the sum of the charges on the 4 $\mu$F and 9 $\mu$F capacitors), at a point distant 30 m from it, would equal :




(1) 420 N/C

(2) 480 N/C

(3) 240 N/C

(4) 360 N/C

**20.** संधारित्रों से बने एक परिपथ को चित्र में दिखाया गया है। एक बिन्दु-आवेश $Q$ (जिसका मान 4 $\mu$F तथा 9 $\mu$F वाले संधारित्रों के कुल आवेशों के बराबर है) के द्वारा 30 m दूरी पर वैद्युत-क्षेत्र का परिमाण होगा :




(1) 420 N/C

(2) 480 N/C

(3) 240 N/C

(4) 360 N/C

**21.** A satellite is revolving in a circular orbit at a height '$h$' from the earth's surface (radius of earth $R$ ; $h<<R$). The minimum increase in its orbital velocity required, so that the satellite could escape from the earth's gravitational field, is close to : (Neglect the effect of atmosphere.)

(1) $\sqrt{gR/2}$

(2) $\sqrt{gR}\ (\sqrt{2}-1)$

(3) $\sqrt{2gR}$

(4) $\sqrt{gR}$

**21.** पृथ्वी की सतह से '$h$' ऊँचाई पर एक उपग्रह वृत्ताकार पथ पर चक्कर काट रहा है (पृथ्वी की त्रिज्या $R$ तथा $h<<R$)। पृथ्वी के गुरुत्व क्षेत्र से पलायन करने के लिये इसकी कक्षीय गति में आवश्यक न्यूनतम बदलाव है : (वायुमंडलीय प्रभाव को नगण्य लीजिए।)

(1) $\sqrt{gR/2}$

(2) $\sqrt{gR}\ (\sqrt{2}-1)$

(3) $\sqrt{2gR}$

(4) $\sqrt{gR}$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

22. A screw gauge with a pitch of 0.5 mm and a circular scale with 50 divisions is used to measure the thickness of a thin sheet of Aluminium. Before starting the measurement, it is found that when the two jaws of the screw gauge are brought in contact, the $45^{th}$ division coincides with the main scale line and that the zero of the main scale is barely visible. What is the thickness of the sheet if the main scale reading is 0.5 mm and the $25^{th}$ division coincides with the main scale line ?

(1) 0.70 mm
(2) 0.50 mm
(3) 0.75 mm
(4) 0.80 mm

22. एक स्क्रू-गेज का पिच 0.5 mm है और उसके वृत्तीय-स्केल पर 50 भाग हैं। इसके द्वारा एक पतली अल्युमीनियम शीट की मोटाई मापी गई। माप लेने के पूर्व यह पाया गया कि जब स्क्रू-गेज के दो जॉवों को सम्पर्क में लाया जाता है तब 45 वां भाग मुख्य स्केल लाईन के संपाती होता है और मुख्य स्केल का शून्य (0) मुश्किल से दिखता है। मुख्य स्केल का पाठ्यांक यदि 0.5 mm तथा 25 वां भाग मुख्य स्केल लाईन के संपाती हो, तो शीट की मोटाई क्या होगी ?

(1) 0.70 mm
(2) 0.50 mm
(3) 0.75 mm
(4) 0.80 mm

23. A roller is made by joining together two cones at their vertices O. It is kept on two rails AB and CD which are placed asymmetrically (see figure), with its axis perpendicular to CD and its centre O at the centre of line joining AB and CD (see figure). It is given a light push so that it starts rolling with its centre O moving parallel to CD in the direction shown. As it moves, the roller will tend to :




(1) go straight.
(2) turn left and right alternately.
(3) turn left.
(4) turn right.

23. दो शंकु को उनके शीर्ष O पर जोड़कर एक रोलर बनाया गया है और उसे AB व CD रेल पर असममित रखा गया है (चित्र देखिये)। रोलर का अक्ष CD से लम्बवत है और O दोनों रेल के बीचोबीच है। हल्के से धकेलने पर रोलर रेल पर इस प्रकार लुढ़कना आरम्भ करता है कि O का चालन CD के समांतर है (चित्र देखिये)। चालित हो जाने के बाद यह रोलर :




(1) सीधा चलता रहेगा।
(2) बायें तथा दायें क्रमशः मुड़ता रहेगा।
(3) बाँयीं ओर मुड़ेगा।
(4) दायीं ओर मुड़ेगा।



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

24. Hysteresis loops for two magnetic materials A and B are given below :




These materials are used to make magnets for electric generators, transformer core and electromagnet core. Then it is proper to use :

(1) A for transformers and B for electric generators.

(2) B for electromagnets and transformers.

(3) A for electric generators and transformers.

(4) A for electromagnets and B for electric generators.

25. The box of a pin hole camera, of length $L$, has a hole of radius $a$. It is assumed that when the hole is illuminated by a parallel beam of light of wavelength $\lambda$ the spread of the spot (obtained on the opposite wall of the camera) is the sum of its geometrical spread and the spread due to diffraction. The spot would then have its minimum size (say $b_{min}$) when :

(1) $a = \sqrt{\lambda L}$ and $b_{min} = \sqrt{4\lambda L}$

(2) $a = \frac{\lambda^2}{L}$ and $b_{min} = \sqrt{4\lambda L}$

(3) $a = \frac{\lambda^2}{L}$ and $b_{min} = \left(\frac{2\lambda^2}{L}\right)$

(4) $a = \sqrt{\lambda L}$ and $b_{min} = \left(\frac{2\lambda^2}{L}\right)$

24. दो चुम्बकीय पदार्थ A तथा B के लिये हिस्टेरेसिस-लूप नीचे दिखाये गये हैं :




इन पदार्थों का चुम्बकीय उपयोग विद्युत-जेनेरेटर के चुम्बक, ट्रान्सफॉर्मर की क्रोड एवं विद्युत-चुम्बक की क्रोड आदि के बनाने में किया जाता है। तब यह उचित है कि :

(1) A का इस्तेमाल ट्रान्सफॉर्मर में तथा B का विद्युत-जेनेरेटर में किया जाए।

(2) B का इस्तेमाल विद्युत-चुम्बक तथा ट्रान्सफॉर्मर दोनों में किया जाए।

(3) A का इस्तेमाल विद्युत-जेनेरेटर तथा ट्रान्सफॉर्मर दोनों में किया जाए।

(4) A का इस्तेमाल विद्युत-चुम्बक में तथा B का विद्युत-जेनेरेटर में किया जाए।

25. एक पिन-होल कैमरा की लम्बाई '$L$' है तथा छिद्र की त्रिज्या $a$ है। उस पर $\lambda$ तरंगदैर्ध्य का समांतर प्रकाश आपतित है। छिद्र के सामने वाली सतह पर बने स्पॉट का विस्तार छिद्र के ज्यामितीय आकार तथा विवर्तन के कारण हुए विस्तार का कुल योग है। इस स्पॉट का न्यूनतम आकार $b_{min}$ तब होगा जब :

(1) $a = \sqrt{\lambda L}$ तथा $b_{min} = \sqrt{4\lambda L}$

(2) $a = \frac{\lambda^2}{L}$ तथा $b_{min} = \sqrt{4\lambda L}$

(3) $a = \frac{\lambda^2}{L}$ तथा $b_{min} = \left(\frac{2\lambda^2}{L}\right)$

(4) $a = \sqrt{\lambda L}$ तथा $b_{min} = \left(\frac{2\lambda^2}{L}\right)$

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

26. A uniform string of length 20 m is suspended from a rigid support. A short wave pulse is introduced at its lowest end. It starts moving up the string. The time taken to reach the support is :
(take $g = 10\ \text{ms}^{-2}$)

(1) $2\sqrt{2}$ s
(2) $\sqrt{2}$ s
(3) $2\pi\sqrt{2}$ s
(4) 2 s

27. An ideal gas undergoes a quasi static, reversible process in which its molar heat capacity $C$ remains constant. If during this process the relation of pressure $P$ and volume $V$ is given by $PV^n$ = constant, then $n$ is given by (Here $C_P$ and $C_V$ are molar specific heat at constant pressure and constant volume, respectively) :

(1) $n = \dfrac{C_P - C}{C - C_V}$
(2) $n = \dfrac{C - C_V}{C - C_P}$
(3) $n = \dfrac{C_P}{C_V}$
(4) $n = \dfrac{C - C_P}{C - C_V}$

28. An observer looks at a distant tree of height 10 m with a telescope of magnifying power of 20. To the observer the tree appears :

(1) 20 times taller.
(2) 20 times nearer.
(3) 10 times taller.
(4) 10 times nearer.

26. 20 m लम्बाई की एकसमान डोरी को एक दृढ़ आधार से लटकाया गया है। इसके निचले सिरे से एक सूक्ष्म तरंग-स्पंद चालित होता है। ऊपर आधार तक पहुँचने में लगने वाला समय है :
($g = 10\ \text{ms}^{-2}$ लें)

(1) $2\sqrt{2}$ s
(2) $\sqrt{2}$ s
(3) $2\pi\sqrt{2}$ s
(4) 2 s

27. एक आदर्श गैस उत्क्रमणीय स्थैतिक-कल्प प्रक्रम से गुज़रती है तथा उसकी मोलर-ऊष्मा-धारिता $C$ स्थिर रहती है। यदि इस प्रक्रम में उसके दाब $P$ व आयतन $V$ के बीच संबंध $PV^n$ = constant है। ($C_P$ तथा $C_V$ क्रमशः स्थिर दाब व स्थिर आयतन पर ऊष्मा-धारिता है) तब '$n$' के लिये समीकरण है :

(1) $n = \dfrac{C_P - C}{C - C_V}$
(2) $n = \dfrac{C - C_V}{C - C_P}$
(3) $n = \dfrac{C_P}{C_V}$
(4) $n = \dfrac{C - C_P}{C - C_V}$

28. दूर स्थित 10 m ऊँचे पेड़ को एक 20 आवर्धन क्षमता वाले टेलिस्कोप से देखने पर क्या महसूस होगा ?

(1) पेड़ 20 गुना ऊँचा है।
(2) पेड़ 20 गुना पास है।
(3) पेड़ 10 गुना ऊँचा है।
(4) पेड़ 10 गुना पास है।

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

29. In an experiment for determination of refractive index of glass of a prism by $i - \delta$, plot, it was found that a ray incident at angle 35°, suffers a deviation of 40° and that it emerges at angle 79°. In that case which of the following is closest to the maximum possible value of the refractive index ?

(1) 1.7

(2) 1.8

(3) 1.5

(4) 1.6

29. एक प्रयोग करके तथा $i - \delta$ ग्राफ बनाकर एक काँच से बने प्रिज़्म का अपवर्तनांक निकाला जाता है। जब एक किरण को 35° पर आपतित करने पर वह 40° से विचलित होती है तथा यह 79° पर निर्गम होती है। इस स्थिति में निम्न में से कौनसा मान अपवर्तनांक के अधिकतम मान के सबसे पास है?

(1) 1.7

(2) 1.8

(3) 1.5

(4) 1.6

30. A pendulum clock loses 12 s a day if the temperature is 40°C and gains 4 s a day if the temperature is 20°C. The temperature at which the clock will show correct time, and the co-efficient of linear expansion ($\alpha$) of the metal of the pendulum shaft are respectively :

(1) 30°C; $\alpha = 1.85 \times 10^{-3}/°C$

(2) 55°C; $\alpha = 1.85 \times 10^{-2}/°C$

(3) 25°C; $\alpha = 1.85 \times 10^{-5}/°C$

(4) 60°C; $\alpha = 1.85 \times 10^{-4}/°C$

30. एक पेन्डुलम घड़ी 40°C तापमान पर 12 s प्रतिदिन धीमी हो जाती है तथा 20°C तापमान पर 4 s प्रतिदिन तेज़ हो जाती है। तापमान जिस पर यह सही समय दर्शायेगी तथा पेन्डुलम की धातु का रेखीय-प्रसार गुणांक ($\alpha$) क्रमशः हैं :

(1) 30°C; $\alpha = 1.85 \times 10^{-3}/°C$

(2) 55°C; $\alpha = 1.85 \times 10^{-2}/°C$

(3) 25°C; $\alpha = 1.85 \times 10^{-5}/°C$

(4) 60°C; $\alpha = 1.85 \times 10^{-4}/°C$

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## PART B – MATHEMATICS

**31.** The area (in sq. units) of the region $\{(x, y): y^2 \geq 2x \text{ and } x^2 + y^2 \leq 4x,\ x \geq 0,\ y \geq 0\}$ is :

(1) $\pi - \frac{4\sqrt{2}}{3}$

(2) $\frac{\pi}{2} - \frac{2\sqrt{2}}{3}$

(3) $\pi - \frac{4}{3}$

(4) $\pi - \frac{8}{3}$

**32.** If $f(x) + 2f\left(\frac{1}{x}\right) = 3x,\ x \neq 0$, and $S = \{x \in \mathbf{R} : f(x) = f(-x)\}$; then S :

(1) contains exactly two elements.

(2) contains more than two elements.

(3) is an empty set.

(4) contains exactly one element.

**33.** The integral $\int \frac{2x^{12} + 5x^9}{\left(x^5 + x^3 + 1\right)^3}\, dx$ is equal to :

(1) $\frac{x^5}{2\left(x^5+x^3+1\right)^2} + C$

(2) $\frac{-x^{10}}{2\left(x^5+x^3+1\right)^2} + C$

(3) $\frac{-x^5}{\left(x^5+x^3+1\right)^2} + C$

(4) $\frac{x^{10}}{2\left(x^5+x^3+1\right)^2} + C$

where C is an arbitrary constant.

## भाग B – गणित

**31.** क्षेत्र

$\{(x, y): y^2 \geq 2x \text{ तथा } x^2 + y^2 \leq 4x,\ x \geq 0,\ y \geq 0\}$

का क्षेत्रफल (वर्ग इकाइयों में) है :



(1) $\pi - \frac{4\sqrt{2}}{3}$

(2) $\frac{\pi}{2} - \frac{2\sqrt{2}}{3}$

(3) $\pi - \frac{4}{3}$

(4) $\pi - \frac{8}{3}$

**32.** यदि $f(x) + 2f\left(\frac{1}{x}\right) = 3x,\ x \neq 0$ है, तथा $S = \{x \in \mathbf{R} : f(x) = f(-x)\}$ है; तो S :

(1) में तथ्यत: दो अवयव हैं।

(2) में दो से अधिक अवयव हैं।

(3) एक रिक्त समुच्चय है।

(4) में केवल एक अवयव है।

**33.** समाकल $\int \frac{2x^{12} + 5x^9}{\left(x^5 + x^3 + 1\right)^3}\, dx$ बराबर है :

(1) $\frac{x^5}{2\left(x^5+x^3+1\right)^2} + C$

(2) $\frac{-x^{10}}{2\left(x^5+x^3+1\right)^2} + C$

(3) $\frac{-x^5}{\left(x^5+x^3+1\right)^2} + C$

(4) $\frac{x^{10}}{2\left(x^5+x^3+1\right)^2} + C$

जहाँ C एक स्वेच्छ अचर है।



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**34.** For $x \in \mathbf{R}$, $f(x) = |\log 2 - \sin x|$ and $g(x) = f(f(x))$, then :

(1) $g'(0) = -\cos(\log 2)$

(2) $g$ is differentiable at $x = 0$ and $g'(0) = -\sin(\log 2)$

(3) $g$ is not differentiable at $x = 0$

(4) $g'(0) = \cos(\log 2)$

**35.** The centres of those circles which touch the circle, $x^2 + y^2 - 8x - 8y - 4 = 0$, externally and also touch the $x$-axis, lie on :

(1) a hyperbola.

(2) a parabola.

(3) a circle.

(4) an ellipse which is not a circle.

**36.** The sum of all real values of $x$ satisfying the equation $\left(x^2 - 5x + 5\right)^{x^2 + 4x - 60} = 1$ is :

(1) 6

(2) 5

(3) 3

(4) $-4$

**34.** $x \in \mathbf{R}$ के लिए $f(x) = |\log 2 - \sin x|$ तथा $g(x) = f(f(x))$ हैं, तो :

(1) $g'(0) = -\cos(\log 2)$ है।

(2) $x = 0$ पर $g$ अवकलनीय है तथा $g'(0) = -\sin(\log 2)$ है।

(3) $x = 0$ पर $g$ अवकलनीय नहीं है।

(4) $g'(0) = \cos(\log 2)$ है।

**35.** उन वृत्तों के केन्द्र, जो वृत्त $x^2 + y^2 - 8x - 8y - 4 = 0$ को बाह्य रूप से स्पर्श करते हैं तथा $x$-अक्ष को भी स्पर्श करते हैं, स्थित हैं :

(1) एक अतिपरवलय पर।

(2) एक परवलय पर।

(3) एक वृत्त पर।

(4) एक दीर्घवृत्त पर जो वृत्त नहीं है।

**36.** $x$ के उन सभी वास्तविक मानों का योग जो समीकरण $\left(x^2 - 5x + 5\right)^{x^2 + 4x - 60} = 1$ को संतुष्ट करते हैं, है :

(1) 6

(2) 5

(3) 3

(4) $-4$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

If the $2^{nd}$, $5^{th}$ and $9^{th}$ terms of a non-constant A.P. are in G.P., then the common ratio of this G.P. is :

(1) 1

(2) $\frac{7}{4}$

(3) $\frac{8}{5}$

(4) $\frac{4}{3}$

37. यदि एक अचरेतर समांतर श्रेढ़ी का दूसरा, 5 वां तथा 9 वां पद एक गुणोत्तर श्रेढ़ी में हैं, तो उस गुणोत्तर श्रेढ़ी का सार्व अनुपात है :

(1) 1

(2) $\frac{7}{4}$

(3) $\frac{8}{5}$

(4) $\frac{4}{3}$

38. The eccentricity of the hyperbola whose length of the latus rectum is equal to 8 and the length of its conjugate axis is equal to half of the distance between its foci, is :

(1) $\frac{2}{\sqrt{3}}$

(2) $\sqrt{3}$

(3) $\frac{4}{3}$

(4) $\frac{4}{\sqrt{3}}$

38. उस अतिपरवलय, जिसके नाभिलंब की लंबाई 8 है तथा जिसके संयुग्मी अक्ष की लंबाई उसकी नाभियों के बीच की दूरी की आधी है, की उत्केन्द्रता है :

(1) $\frac{2}{\sqrt{3}}$

(2) $\sqrt{3}$

(3) $\frac{4}{3}$

(4) $\frac{4}{\sqrt{3}}$

39. If the number of terms in the expansion of $\left(1-\frac{2}{x}+\frac{4}{x^2}\right)^n$, $x \neq 0$, is 28, then the sum of the coefficients of all the terms in this expansion, is :

(1) 243

(2) 729

(3) 64

(4) 2187

39. यदि $\left(1-\frac{2}{x}+\frac{4}{x^2}\right)^n$, $x \neq 0$ के प्रसार में पदों की संख्या 28 है, तो इस प्रसार में आने वाले सभी पदों के गुणांकों का योग है :

(1) 243

(2) 729

(3) 64

(4) 2187



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

40. The Boolean Expression $(p\wedge\sim q)\vee q\vee(\sim p\wedge q)$ is equivalent to :

(1) $p\vee q$

(2) $p\vee\sim q$

(3) $\sim p\wedge q$

(4) $p\wedge q$

41. Consider

$f(x)=\tan^{-1}\left(\sqrt{\dfrac{1+\sin x}{1-\sin x}}\right),\ x\in\left(0,\dfrac{\pi}{2}\right).$

A normal to $y=f(x)$ at $x=\dfrac{\pi}{6}$ also passes through the point :

(1) $\left(\dfrac{\pi}{6},0\right)$

(2) $\left(\dfrac{\pi}{4},0\right)$

(3) $(0, 0)$

(4) $\left(0,\dfrac{2\pi}{3}\right)$

